[ 21/3/2022]

प्रश्न सं. [ क्र. 693 ]

परिशिष्ट–1

# कार्यालय नगर पालिक निगम जबलपुर

क्रमांक - नि.स.उपा./2021/65 जबलपुर दिनांक मार्च 2022

प्रति,

आयुक्त,
संचालनालय, नगरीय प्रशासन एवं विकास
भोपाल

विषय :- विधानसभा अतारांकित प्रश्न कमांक 693 का उत्तर।

विषयान्तर्गत विधानसभा अतारांकित प्रश्न कमांक 693 का उत्तर संलग्न कर आपकी ओर प्रेषित है।

संलग्न - उपरोक्तानुसार।

उपायुक्त
नगर पालिक निगम
जबलपुर

क्रमांक - नि.स.उपा./2021/65 जबलपुर दिनांक मार्च 2022

प्रतिलिपिः-

1. संयुक्त संचालक, नगरीय प्रशासन एवं विकास जबलपुर संभाग जबलपुर।
2. कार्यालय मुख्य अभियंता (मध्य क्षेत्र) लोक निर्माण विभाग जबलपुर।

लिपिक
5
4.3.22

उपायुक्त
नगर पालिक निगम
जबलपुर

परिशिष्ट–1

**विधान सभा अतारांकित प्रश्न क्रं. 693 की जानकारी**
**श्री तरूण भनोत**
**विषयः– तिलवारा घाट से शाहनाला मार्ग का फोरलेन में परिवर्तन।**

| क्रं. | प्रश्न | उत्तर |
|---|---|---|
| (क) | क्या यह सही है, कि अंधमूक चौराहे से नवीन फ्लाई ओवर की शुरूआत के एकदम नजदीक एल.आई.सी. तक सड़क को स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट में शामिल कर इसको प्रवेश वाले तिलवारा शाहनाला मार्ग को फोरलेन में परिवर्तित करने की योजना थी, किन्तु इसके निर्माण को लेकर कोई सुध नहीं ली जा रही है? | यह सही है कि जबलपुर स्मार्ट सिटी के संचालक मंडल द्वारा बैठक दिनांक 17.12.2021 को अंधमूक चौराहे से नवीन फ्लाई ओवर की शुरूआत के एकदम नजदीक एल.आई.सी. तक सड़क को स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट में विकसित किये जाने का निर्णय लिया गया हैं।<br>यह सड़क नवीन फ्लाई ओवर की शुरूआत के एकदम नजदीक एल.आई.सी. से प्रारंभ होकर सूपाताल, त्रिपुरी चौक, मेडीकल तिराहा, धनवतंरी चौक होते हुए अंधमूक बॉयपास में समाप्त होगी। इस कार्य मे मुख्यतः डामरीकरण का कार्य, पेबर ब्लॉक का कार्य एंव आवश्यकता अनुसार रोड का चौड़ीकरण का कार्य सेन्ट्रल लाईटिंग का कार्य शामिल किया गया है। वर्तमान में इस कार्य हेतु निविदा प्रकिया में है।<br>तिलवारा शाहनाला मार्ग को फोरलेन में परिवर्तित करने की जबलपुर स्मार्ट सिटी संचालक मंडल द्वारा कोई योजना स्वीकृत नहीं की गयी है। |
| (ख) | यदि हां तो तत्संबंधी विस्तृत ब्यौरा बतावें | तिलवारा शाहनाका मार्ग को फोरलेन में परिवर्तित करने की जबलपुर स्मार्ट सिटी संचालक मंडल द्वारा कोई योजना स्वीकृति नहीं की गयी है |
| (ग) | क्या 6 साल पहले नगर निगम द्वारा शाहनाला से तिलवाराघाट मार्ग को गारंटी पीरियड के अंतर्गत मूलभूत सुधार का कार्य भी नहीं हो सका है, जिसमें आये दिन गंभीर दुर्घटनायें घटित हो रही हैं? | जी नहीं गांरटी अवधि उपरांत समय–समय पर सड़क मरम्मत कार्य कराया गया है। सड़क यातायात के लिए सुगम करने मरम्मत कार्य कराया जाता है। |
| (घ) | क्या आगामी दिनों में इसके सुधार और सड़क को फोरलेन में परिवर्तित करने की क्या कार्ययोजना हैं ? | शाहनाला से तिलवारा सड़क की ओर सड़क डामलीकरण एंव फुटपाथ निर्माण कार्य लागत राशि रूपये 285.44 लाख से कराया जाना प्रस्तावित है। वर्तमान मे प्रस्तावित निर्माण विद्यमान पुराने क्षतिग्रस्त डामलीकरण का नवीनीकरण, उन्नयन सड़क निर्माण कार्य है। सड़क फोरलेन निर्मित करने का वर्तमान में प्रस्ताव प्रचलन में नहीं है। |

उपायुक्त
नगर निगम जबलपुर